*निविदा प्रपत्र का मूल्य : रु. 1000/– (केवल डी.डी. द्वारा)*
*(एक हजार रुपए मात्र)*


**साहित्य अकादेमी**
स्वायत्त संस्था, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली 110 001
दूरभाष : +91 11 23386626/27/28, फैक्स : +91 11 23382428,
ई–मेल secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट www.sahitya-akademi.gov.in


सा.अ./76ए/वेबसाईट **04 फरवरी 2016**

## कागज़ खरीद के लिए
## निविदा आमंत्रण सूचना

साहित्य अकादेमी, जो संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है, अनुलग्नक – IV में दर्शाए गए कागज़ की आपूर्ति के लिए मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित करती है। बोलियाँ दो प्रकार की होंगी – तकनीकी तथा वित्तीय बोली। कागज़ की आपूर्ति के लिए तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली के अलग–अलग लिफ़ाफ़ों को सीलबंद करके एक तीसरे बड़े लिफ़ाफ़े में सीलबंद कर **25 फरवरी, 2016** तक जमा करना है।

निविदाकर्ताओं को भरा हुआ तथा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षरित एवं मोहर लगाया हुआ अनुलग्नक I, II, III तथा IV विधिवत जमा करना होगा। जो निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र के अनुरूप नहीं होंगी, उन्हें अस्वीकृत किया जा सकता है।

1. निविदा के लिए नियम एवं शर्तें अनुलग्नक– I में दी गई हैं।

2. अनुलग्नक– II में दर्शाए गए नियमों और शर्तों के अनुरूप निविदाकर्ता को विधिवत रूप से निविदा को हस्ताक्षरित कर अपनी मोहर लगा कर भेजना होगा।

3. तकनीकी बोली अनुलग्नक– III एवं बताए गए जरूरी दसतावजों के साथ हस्ताक्षरित कर अपनी मोहर लगा कर भेजना होगा।

4. खरीदे जाने वाले कागज़ की विशिष्टता और रीम में मात्रा को अनुलग्नक– IV में बताया गया है। आप केवल इसी प्रारूप में प्रत्येक आइटम के लिए अपनी दरें उद्धृत कर सकते हैं।

5. मोहरबंद निविदा निर्धारित प्रारूप में सचिव, साहित्य अकादेमी, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली 110 001 के पते पर दिनांक **25 फरवरी, 2016** को **सायं 6.00 बजे** तक पहुँच जानी चाहिए।

6. निविदा दिनांक **26 फरवरी, 2016** को **पूर्वाह्न 11.00 बजे** खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय आप स्वयं या अपने द्वारा किसी प्रतिनिधि को उपस्थित रहने के लिए प्राधिकृत कर सकते हैं।

7. साहित्य अकादेमी के सचिव को बिना कोई कारण बताए सभी निविदाओं के संपूर्ण अथवा किसी भी भाग को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार है।

(रेणु मोहन भान)
उपसचिव (प्रशासन)

“अनुलग्नक – I”

**साहित्य अकादेमी**
स्वायत्त संस्था, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली 110 001
दूरभाष : +91 11 23386626/27/28, फैक्स : + 91 11 23382428,
ई–मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : www.sahitya-akademi.gov.in

## निविदा की नियम एवं शर्तें

### 1. निविदा की तैयारी

(क) निविदा दस्तावेज़ हस्तांतरणीय नहीं है।

(ख) निविदा प्रपत्र के I से IV तक के समस्त अनुलग्नकों को अक्षत वापस करना होगा। चाहे किसी मद में दरें प्रस्तावित की गई हों अथवा नहीं। पृष्ठों को पृथक न करें, जो मदें बोली/संविदा से संबद्ध नहीं हैं उन स्थानों पर ''दरें नहीं'' लिखें।

(ग) अनुलग्नक – IV में पर्याप्त स्थान न होने की स्थिति में, आप अतिरिक्त पृष्ठ संलग्न कर सकते हैं। प्रत्येक अतिरिक्त पृष्ठ पर एक समान प्रारूप में होना चाहिए तथा उस पर पृष्ठ संख्या एवं निविदा खुलने की तिथि अंकित होनी चाहिए। ऐसे मामलों में, निविदा प्रपत्र में अतिरिक्त पृष्ठों का उल्लेख किया जाना चाहिए।

### 2. निविदा पर हस्ताक्षर

(क) जो व्यक्ति निविदा या अनुबंध से जुड़े अन्य दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करेगा उसे यह स्पष्ट करना होगा, वह किसी हैसियत/से हस्ताक्षर कर रहा है :–

(i) फ़र्म का ''एकमात्र मालिक'' अथवा इस प्रकार की गठित फ़ार्म का अधिकृत व्यक्ति है ;

(ii) यदि साझेदारी है, तो फर्म के साझेदार को साझेदारी समझौता या मुख्तारनामा के आधार पर साझेदारी के व्यवसाय से संबंधित विवादों में मध्यस्थता करने का अधिकार होना चाहिए ;

(iii) यदि एक कंपनी हो तो ''फर्म'' की गठित अटॉर्नी का ब्यौरा।

(ख) निविदाकार फर्म/एजेंसी/कंपनी द्वारा आयकारविभाग में पैन और टिन नंबर के रूप में एक वैध पंजीकरण होना अनिवार्य है।

**ध्यान दें :**

(क) उक्त (ii) के मामले में, साझेदारी समझौता अथवा सामान्य मुख्तारनामा अथवा मुद्रांकित काग़ज़ पर एक शपथ पत्र अथवा साझेदारी समझौता को क्रियान्वित करने वाले समस्त भागीदारों के सामान्य मुख्तारनामा की एक प्रति साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली में प्रस्तुत करें।

(ख) साझेदारी फर्मों के मामले में, जहाँ पर साझेदारी के व्यापार से संबंधित विवादों से निबटने का किसी भी साझेदार को कोई अधिकार न हो, ऐसी स्थिति में निविदा तथा उससे संबंधित समस्त दस्तावेज़ों को फ़र्म के प्रत्येक साझेदार द्वारा हस्ताक्षरित करना होगा।

(ग) निविदा प्रपत्र या किसी अन्य की ओर से अनुबंध के किसी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करनेवाले व्यक्ति को यह वारंटी देनी होगी कि उसे उन लोगों की तरफ़ से ऐसा करने का अधिकार है तथा यदि जाँच करने पर पाया गया कि हस्ताक्षरकर्ता को कोई अधिकार प्राप्त नहीं है, तो साहित्य अकादेमी अन्य नागरिक और आपराधिक उपचार से प्रभावित हुए बिना अनुबंध रद्द कर देगी तथा समस्त लागत एवं नुकसान की वसूली उत्तरदायी हस्ताक्षरकर्ता से करेगी।

(घ) निविदा के अनुलग्नक I, II, III और IV का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकर्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित एवं मोहर लगा हुआ होना चाहिए।

**3. निविदा प्रपत्र की लागत**

निविदा प्रपत्र को साहित्य अकादेमी की वेबसाइट www.sahitya-akademi.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र की लागत के रूप में 1000/– रुपए का अलग से एक डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर सचिव, साहित्य अकादेमी के पक्ष में तथा जो नई दिल्ली में देय हो को तकनीकी बोली के साथ भिजवाएँ। निविदा प्रपत्र की कीमत के भुगतान के बिना निविदाएँ अस्वीकृत कर दी जाएँगी।

**4. बयाना जमा**

नीचे निविदा में उद्धृत मदों में वर्णित बयाना दिल्ली/नई दिल्ली में किसी भी बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के रूप में सचिव, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली के पक्ष में देना चाहिए। समुचित रूप में बयाना राशि न संलग्न करने पर निविदा रद्द कर दी जाएगी। जिन एजेंसियों को बयाना राशि जमा के लिए छूट चाहिए, उन्हें भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत छूट प्रमाणपत्र जमा करना होगा।

| क्रम सं | काग़ज़ की गुणवत्ता | वजन किलोग्राम में | आवश्यकता रीम में | प्रत्येक किस्म के लिए जमा की जानेवाली ई.एम.डी. (रुपए) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्हाइट मैपलीथो पेपर | 26.9 | 70 | 7000 |
| 2 | व्हाइट मैपलीथो पेपर | 15.5 | 80 | 4000 |
| 3 | व्हाइट मैपलीथो पेपर | 21.3 | 2301 | 150000 |
| 4 | आर्ट पेपर (ग्लौस) | 34.7 | 50 | 6000 |
| 5 | आर्ट पेपर (ग्लौस) | 45.4 | 14 | 2000 |
| 6 | आर्ट कार्ड (ग्लौस) | 13.1 | 214 Packets (150 sheets each) | 10000 |

काग़ज़ की किस्मों के संबंध में सफल निविदाकर्ताओं की बयाना राशि को साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली अनुबंध के पूरा होने तक अपने पास रखेगी। निरर्हित मदों के संबंध में बयाना राशि बिना किसी ब्याज के वापस की जाएगी।

**उपर्युक्त के अलावा अन्य किसी भी रूप में बयाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**5. निविदा प्राप्ति की समय सीमा**

निविदा फार्म में निर्दिष्ट, आपकी निविदा इस कार्यालय में **6.00 बजे** तक दिनांक **25 फरवरी, 2016** को पहुँच जानी चाहिए।

साहित्य अकादेमी डाक/कूरियर की किसी भी देरी के लिए उत्तरदायी नहीं होगी तथा निविदा की अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

**6. निविदाओं की वैधता अवधि**

(क) उद्धृत दरें निविदा खुलने की तिथि से छह महीने की अवधि के लिए मान्य होंगी।

(ख) साहित्य अकादेमी आवश्यकतानुसार किसी भी समय बिना कोई कारण बताए काग़ज़/कार्ड की आवश्यकता को घटा–बढ़ा अथवा उसे छोड़ सकती है।

(ग) सफल निविदाकर्ता निविदा की वैधता अवधि के दौरान साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली की आवश्यकता के अनुसार काग़ज़ की आपूर्ति के लिए ज़िम्मेदार होंगे। निविदा की वैधता अवधि के दौरान साहित्य अकादेमी द्वारा खरीदे गए काग़ज़/कार्ड की मात्रा प्रकाशन कार्यक्रम के अंतर्गत मुद्रित होनेवाली पुस्तकों की संख्या पर पूर्णतः निर्भर है, जिसमें सामान्य बिक्री के लिए तथा विभिन्न एजेंसियों एवं

सरकारी विभागों से पुस्तकों की छपाई के लिए मिलने वाले आदेश शामिल हैं। अतिरिक्त आवश्यकता के मामले में जहाँ काग़ज़ की खपत औसत से अधिक होगी, ऐसी स्थिति में साहित्य अकादेमी सफल निविदाकर्ताओं को काग़ज़ की खरीद के लिए दोबारा आदेश देने पर विचार कर सकती है।

(घ) निविदाकर्ताओं द्वारा निर्धारित समय में साहित्य अकादेमी को काग़ज़ आपूर्ति न कराए जाने की स्थिति में बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। इसके बाद साहित्य अकादेमी को यह अधिकार होगा कि वह बिना किसी सूचना के अन्य निविदाकर्ताओं से काग़ज़ की आवश्यक मात्रा प्राप्त कर सके।

**7. मूल्य**

(क) आधारभूत दर को अनुलग्नक–IV में दर्शाए गए प्रत्येक आइटम या मद के लिए पृथक् रूप से उत्पाद शुल्क, पैकिंग तथा कोई अन्य खर्च एवं नकद छूट यदि कोई हो तो, को शामिल करते हुए दर्शाएँ। वैट और ढुलाई, यदि कोई हो, तो उसे भी स्पष्ट रूप से बताएँ। किसी अन्य रूप में उद्धृत दरों पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि कोई दर निर्दिष्ट नहीं की जाती, तो उसे शून्य माना जाएगा। यदि निविदाकर्ता कोई छूट की पेशकश करने का इच्छुक हो, तो उसे आधारभूत दरों में ही शामिल करना होगा। अलग से प्रस्तावित नकद छूट पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ख) प्रत्येक मद के लिए दरों को शब्दों और अंकों दोनों में उद्धृत किया जाना चाहिए। निविदा प्रपत्र तथा अन्य दस्तावेज़, यदि कोई हो, को अंग्रेज़ी या हिंदी में भरा जा सकता है तथा समस्त प्रविष्टियाँ टंकित अथवा स्याही से स्पष्ट रूप से लिखकर भरें। दरों पर ऊपरिलेखन की अनुमति नहीं है। सुधार, यदि कोई हो, तो इसे निविदाकर्ता के हस्ताक्षर से सत्यापित होना चाहिए।

(ग) साहित्य अकादेमी पैरा –7 के अनुसार निविदा की वैधता अवधि के दौरान दरों में किसी भी प्रकार की कोई वृद्धि पर विचार नहीं करेगी। लेकिन, आदेश की अवधि के दौरान यदि सरकार ने प्रभार/चुंगी में कमी की तो उस स्थिति में वह लाभ साहित्य अकादेमी को जाएगा। तदनुसार, आदेश की अवधि के दौरान प्रभार/चुंगी में किसी बढ़ोतरी के मामले में, ऐसी बढ़ोतरी का भुगतान निविदाकर्ताओं को किया जाएगा।

**8. <u>निविदा का प्रस्तुतीकरण</u>**

निविदाकर्ताओं को निविदा दो भागों में प्रस्तुत करनी होगी :–
(क) तकनीकी बोली– (अनुलग्नक–III)
(ख) वित्तीय बोली – (अनुलग्नक–IV)

**तकनीकी बोली** (अनुलग्नक–III) को एक सीलबंद लिफ़ाफ़े (पहला लिफ़ाफ़ा) पर **नियत दिनांक 25 फरवरी, 2016 को देय काग़ज़ की आपूर्ति के लिए तकनीकी बोली** लिख कर जमा करें। तकनीकी बोली में निम्नलिखित शामिल करें :–

(i) **काग़ज़ के नमूने** :– उद्धृत काग़ज़ की प्रत्येक किस्म के नमूनों को उनकी गुणवत्ता, आकार, ग्रामेज, निर्माता का नाम, निविदाकर्ताओं के नाम, मद संख्या तथा कोई अन्य विवरण हो तो के साथ निविदा को विधिवत रूप से हस्ताक्षरित व मोहर लगाकर भिजवाएँ। जो निविदाएँ बिना नमूना पत्रक अथवा विभिन्न विशिष्टताओं के नमूनों तथा उक्त के अनुसार नमूना पत्रक पर बिना आवश्यक जानकारी के होंगे, उन्हें अस्वीकृत किया जा सकता है।

(ii) **प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट :-** निविदाकर्ताओं को (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित मद सं. 9 (ङ)में दर्शाए गए मानक के अनुसार काग़ज़ की आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी, तथा पेपर मिल की खुद की प्रयोगशाला या भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी गई प्रयोगशाला की मूल परिक्षण रिपोर्ट भुगतान के लिए प्रस्तुत अपने बिल के साथ संलग्न करने का आश्वासन देना होगा।

(iii) **बयाना राशि :-** जैसा कि मद सं. 4 में उल्लेखित है।

(iv) अनुलग्नक I, II एवं III :– अनुलग्नकों के प्रत्येक पृष्ठ पर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर एवं मोहर लगाई जाए।

(v) **पैन और टिन नंबर के दस्तावेज** हस्ताक्षरित कर अपनी मोहर लगा कर भेजना होगा।

(vi) जिन एजेंसियों को निविदा एवं बयाना राशि जमा के लिए छूट चाहिए, उन्हें भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत छूट प्रमाणपत्र जमा करना होगा।

(vii) **वेबसाइट से डाउनलोड निविदा प्रपत्र का मूल्य** :– सचिव, साहित्य अकादेमी के पक्ष में अलग से 1000/– रुपए का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर संलग्न करें।

**वित्तीय बोली** – वित्तीय बोली को एक सीलबंद लिफ़ाफे (दूसरा लिफ़ाफ़ा) पर नियत दिनांक **25 फरवरी, 2016** को देय **कागज़ की आपूर्ति के लिए वित्तीय बोली** लिखकर जमा करें। वित्तीय बोली में निम्नलिखित शामिल करें :–

(i) अनुलग्नक–IV में अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा टाइप अथवा स्पष्ट रूप से भरकर एवं हस्ताक्षरित तथा मोहर लगाकर जमा करें।

दोनों तकनीकी और वित्तीय बोली को एक तीसरे बड़े लिफ़ाफ़े में सीलबंद कर तथा उस पर **कागज़ की आपूर्ति के लिए तकनीकी बोली और वित्तीय बोली, नियत तिथि 25 फरवरी, 2016** लिखकर भिजवाएँ।

विधिवत रूप से सीलबंद निविदाएँ निर्धारित समय और तिथि के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, रवींद्र भवन, नई दिल्ली 110 001 के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भिजवाएँ।

निर्धारित रूप में और वांछित दस्तावेज़ों के बिना जमा की गई तकनीकी और वित्तीय बोलियों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**9. निविदा को खोलना एवं उसका मूल्यांकन**

(क) निविदाकर्ता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि, यदि वे चाहें तो, खुली निविदा में निर्दिष्ट समय और तिथि पर निविदाओं के खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं।

(ख) यदि निविदा खोलने की निर्धारित तिथि पर कोई छुट्टी घोषित हो जाती है अथवा कोई अन्य कारण होता है, यदि साहित्य अकादेमी द्वारा निर्धारित तिथि पर निविदाएँ नहीं खोली जातीं, उस स्थिति में निविदाएँ अगले कार्यदिवस पर उसी निर्धारित समय एवं स्थान पर खोली जाएँगी।

(ग) तकनीकी बोली युक्त लिफ़ाफ़ा बाहरी आवरण की मुहर खोलने के बाद निर्धारित तिथि पर खोला जाएगा। इस स्तर पर, केवल सुस्पष्ट कमियों यथा, आवश्यक संलग्नक, बयाना राशि तथा अन्य महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ों को सत्यापित किया जाएगा तथा कोई कमी पाए जाने पर उसकी तुरंत घोषणा की जाएगी। बाद में, कागज़ क्रय समिति द्वारा समस्त दस्तावेज़ों तथा उसकी सामग्री की गहनता से जाँच की जाएगी तथा उनकी स्वीकृति या अस्वीकृति के संबंध में अंतिम निर्णय अकादेमी के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से लिया जाएगा। तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन नमूनों, नमूनों के रासायनिक परीक्षण (यदि किए गए हैं), उद्धृत दरों, सुपुर्दगी समय के वास्तविक मापदंडों तथा निविदा के अन्य नियम एवं शर्तों के आधार पर किया जाएगा। इस प्रकार के मूल्यांकन के आधार पर अनुकूल बोलियों की एक सूची तैयार की जाएगी। केवल उन निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोलियों पर विचार किया जाएगा जो तकनीकी बोली के मूल्यांकन में सफल रहे हों। सफल निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि वित्तीय बोलियों के खुलने के अवसर पर बैठक में भाग ले सकते हैं।

(घ) **साहित्य अकादेमी किसी भी मद की सबसे कम उद्धृत दरों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।** कागज़ क्रय समिति आवश्यक गुणवता पूर्ण राज्य के लिए वास्तविक मापदंडों तथा नमूनों का रासायनिक परीक्षण (यदि किए गए हों) के आधार पर साहित्य अकादेमी प्रकाशनों के लिए उपयुक्त को चयनित करेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मैपलीथो पेपर के लिए प्रमुख वास्तविक मापदंड | शेड, व्हाइटनेस, ब्राइटनेस, स्मूथनेस, ग्लेज़, ओपैसिटी, स्ट्रेंथ फ्री फ्रॉम स्पेक्स आदि |
| 2 | आर्ट पेपर तथा आर्ट कार्ड के लिए प्रमुख वास्तविक मापदंड | दोनों ओर कोटिंग की गुणवत्ता, शेड, व्हाइटनेस, ब्राइटनेस, ग्लेज़, फोल्डिंग एनडूरेंस (तह के दौरान कोई दरार नहीं) फ्री फ्रॉम स्पेक्स आदि। |

(ङ) निविदाकर्ताओं को (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित नीचे दर्शाए गए मानक के अनुसार काग़ज़ की आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी तथा पेपर मिल की खुद की प्रयोगशाला या भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी गई प्रयोगशाला की मूल परिक्षण रिपोर्ट भुगतान के लिए प्रस्तुत अपने बिल के साथ संलग्न करने का आश्वासन देना होगा।

| **व्हाइट मैपलीथो पेपर 80 जीएसएम** | | | |
|---|---|---|---|
| बीआईएस मानक | आइ एस ओ ब्राइटन्स | 89 min | |
| | जीएसएम | ±2.5% | |
| | आइ एस ओ ओपेसिटी | 90 min | |
| | बल्क | 1.20 | |
| | स्मूथनस | टीएस (मैक्स) | 150 |
| | | डब्ल्यूएस (मैक्स) | 200 |
| **आर्ट पेपर - 130/170 जीएसम और आर्ट कार्ड 220 जीएसएम** | | | |
| बीआईएस मानक | आइ एस ओ ब्राइटनेस | 88 min | |
| | ग्लॉस 75® | 75 ±5% | |
| | जीएसएम | 2.5% | |
| | आईजीटी pick (MOV) | 110 Min | |

**10. स्वीकृति का आधार**

(क) साहित्य अकादेमी किसी भी वस्तु की सबसे कम उद्धृत दर स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है, क्योंकि उद्धृत दरों की तुलना में काग़ज़ की गुणवत्ता वास्तविक मानदंडों तथा नमूनों के रासायनिक परीक्षण के आधार पर काग़ज़ क्रय समिति (पी.पी.सी.) के लिए काग़ज़ के चयन का मुख्य मानदंड है।

(ख) अधूरी, अस्पष्ट एवं सशर्त निविदाएँ तथा निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत नहीं की गई निविदाएँ अस्वीकृत कर दी जाएँगी।

(ग) किसी भी स्तर पर किसी भी रूप में समर्थन जुटाना एक अयोग्यता होगा और अकादेमी बिना कोई कारण बताए इस तरह की पार्टी की निविदा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

(घ) साहित्य अकादेमी बिना कोई सूचना दिए या बिना कोई कारण बताए सभी निविदाओं को स्वीकाराने अथवा अस्वीकारने तथा निविदा के संपूर्ण अथवा किसी भाग को स्वीकारने का अधिकार रखती है।

11. **वितरण की भार्तें**

(क) विविध प्रकार के काग़ज़/कार्ड का दिया गया आदेश एक लॉट या एक से अधिक लॉट में स्वीकार किया जाएगा। वितरण आदेश के समय आवश्यकतानुसार सुपुर्दगी का समय बताया जाएगा।

(ख) मूल मिल पैकिंग (गन्नी बंडलों के) काग़ज़ की आपूर्ति आदेश की तिथि से 30 दिनों के भीतर कार्यदिवसों पर 10.00 बजे से 5.00 बजे तक साहित्य अकादेमी, बिक्री कार्यालय, स्वाति भवन (भूतल), मंदिर मार्ग, नई दिल्ली 110 001 या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में करनी होगी।

(ग) निविदाकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि काग़ज़ के संपूर्ण स्टॉक और आपूर्ति भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार है।

(घ) निविदाकर्ता आपूर्ति की सुपुर्दगी के लिए रखे अथवा साहित्य अकादेमी तक पहुँचने के दौरान किसी भी कारण से हुए नुकसान एवं क्षति के लिए स्वयं ज़िम्मेदार होंगे। निविदाकर्ता किसी भी परिवहन कैरियर या नॉन–डिलीवरी, शॉर्ट–डिलीवरी, मिस–डिलीवरी, माल के नुकसान या क्षति के संबंध में किसी भी अन्य एजेंसियों के खिलाफ़ दावा करने के लिए स्वयं ज़िम्मेदार होंगे। पारगमन बीमा की लागत आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन की जाएगी।

## 12. काग़ज़ का निरीक्षण

(क) निविदाकर्ताओं द्वारा की गई आपूर्ति का प्रत्यक्ष सत्यापन साहित्य अकादेमी के सक्षम प्राधिकारी द्वारा मनोनीत काग़ज़ क्रय समिति द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया जाएगा। काग़ज़ क्रय समिति द्वारा कुल आपूर्ति किए गए काग़ज़ में से किसी भी बंडल को तौल कर देखा जाएगा तथा प्रत्यक्ष मापदंडों के अनुरूप उसकी तुलना काग़ज़ के नमूनों में से की जाएगी। साहित्य अकादेमी के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(ख) निविदाकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि भी काग़ज़/कार्ड के प्रत्यक्ष सत्यापन के दौरान उपस्थित रह सकते हैं।

(ग) मानक वज़न से अधिक वज़न वाली आपूर्ति के मामले में, भुगतान मानक वज़न के आधार पर किया जाएगा। कम वज़न की आपूर्ति करने के मामले में, प्रत्यक्ष सत्यापन के दौरान की गई जाँच के अनुरूप औसत वज़न के आधार पर भुगतान किया जाएगा। ±2.5% की सीमा के भीतर वज़न की आपूर्ति के मामले में अकादेमी अपने स्वयं के विवेक पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ स्वीकार करेगी। **±2.5% की सीमा से परे कम वज़न की आपूर्ति को काग़ज़/कार्ड के प्रत्यक्ष सत्यापन के दौरान अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

(घ) आपूर्ति में गुणवत्ता या विशिष्टताओं में किसी भी बदलाव के मामले में, काग़ज़/कार्ड का पूरा स्टॉक अस्वीकृत किया जा सकता हे। मामूली बदलाव के मामले में, साहित्य अकादेमी अपने सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप उचित दंड अधिरोपित करने के बाद आपूर्ति स्वीकार करने पर विचार कर सकती है।

(ङ) निविदाकर्ताओं को अस्वीकृत काग़ज़/कार्ड को ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर 10 दिनों के भीतर अपने स्वयं के खर्च पर उठवाना होगा। यदि निविदाकर्ताओं ने 10 दिनों की अवधि के भीतर अस्वीकृत काग़ज़ नहीं उठवाया तो उनका उस पर कोई दावा नहीं माना जाएगा तथा साहित्य अकादेमी अस्वीकृत काग़ज़ का स्वयं निपटान करेगी।

## 13. बिल/चालान

(क) बिल/चालान को डिलीवरी चालान की पावती के साथ तभी स्वीकार किया जाएगा, जब हमारे गोदाम में आपके कार्यकारी अधिकारी की उपस्थिति में आदेशित काग़ज़ की हर किस्म की पूरी आपूर्ति तथा उसके जी.एस.एम. की जाँच पूरी होगी।

(ख) बिल के भुगतान के विषय में निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तावित जवाबी शर्तें स्वीकार्य नहीं होंगी।

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 25 फरवरी, 2016 सायं 6.00 बजे तक**
**तकनीकी बोली खुलने की तिथि एवं समय : 26 फरवरी, 2016 पूर्वाह्न 11.00 बजे**

# साहित्य अकादेमी

स्वायत्त संस्था, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली 110 001

सेवा में,
सचिव, साहित्य अकादेमी
नई दिल्ली 110 001
द्वारा
निविदा का नाम व पता
........................................................................................
........................................................................................

फोन..........................................मोबाइल न.............................................ई–मेल..................................................................................

महोदय,
उपरोक्त निविदा नोटिस के जवाब में, मैं/हम अनुलग्नक IV में उल्लेखित काग़ज़ की निम्न किस्म की आपूर्ति के लिए तकनीकी बोली के साथ संलग्न किए जानेवाले आवश्यक दस्तावेज़, हस्ताक्षरित कर अपनी मोहर लगा कर भेज रहे हैं।

<table>
<tr><th rowspan="2">क्रम सं.</th><th rowspan="2" colspan="7">दस्तावेज</th><th colspan="2">संलग्न</th></tr>
<tr><th>हाँ</th><th>नहीं</th></tr>
<tr><td rowspan="3">I</td><td colspan="7">जो लागू हो उसे (√) चिन्हित करें</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="2">निम्न पेपर के लिए बोलियाँ</td><td>व्हाइट मैपलीथो 26''X40/ 26.9kg</td><td>व्हाइट मैपलीथो 20''X30''/ 15.5kg</td><td>व्हाइट मैपलीथो 23''X36''/ 21.3kg</td><td>आर्ट पेपर (ग्लास) 23''X36/34.7kg</td><td>आर्ट पेपर (ग्लास) 23''X36/45.4kg</td><td>आर्ट कार्ड (ग्लास) 22''X28/220gsm''</td><td rowspan="2">.....</td><td rowspan="2">.....</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>II</td><td colspan="7">काग़ज़ के नमूने – अनुलग्नक III में उल्लेखित काग़ज़ की प्रत्येक किस्म की पूर्णाकार शीट्स। मद संख्या 8 (i)</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>III</td><td colspan="7">प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट –निविदाकर्ताओं को पेपर मिल की खुद की प्रयोगशाला या भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी गई प्रयोगशाला की मूल परिक्षण रिपोर्ट भुगतान के लिए प्रस्तुत अपने बिल के साथ संलग्न करने का आश्वासन देना होगा। मद संख्या 9 (ङ)</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="3">IV</td><td rowspan="3">बयाना राशि : मद सं. 4 में उल्लेखित है।</td><td colspan="6">जो लागू हो उसे (√) चिन्हित करें</td><td rowspan="3"></td><td rowspan="3"></td></tr>
<tr><td>7000 रुपए</td><td>4000 रुपए</td><td>150000 रुपए</td><td>6000 रुपए</td><td>2000 रुपए</td><td>10000 रुपए</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>V</td><td colspan="7">अनुलग्नक I एवं II : अनुलग्नकों के प्रत्येक पृष्ठ पर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित एवं मोहर लगाए हुए हों। मद संख्या 8 (iv)</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>VI</td><td colspan="7">आयकारविभाग द्वारा आवंटित पैन और टिन नंबर। मद संख्या 2 ख</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>VII</td><td colspan="7">दस्तावेजी सबूत : अगर पार्टी निविदा मूल्य/ई. एम. डी./सुरक्षा धन राशि इत्यादि जमा कराने से मुक्त है।<br>मद संख्या 4</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>VIII</td><td colspan="7">यदि निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर लिया हो तो निविदा प्रपत्र का मूल्य (1000/– रुपए का अलग से डिमांड ड्राफ्ट) मद संख्या 3</td><td></td><td></td></tr>
</table>

तकनीकी बोली के साथ उपर्युक्त दसताअेजों में से किसी एक के ना पाए जाने पर निविदाएँ तुरंत अस्वीकृत कर दी जाएँगी।

दिनांक..........................                                        निविदाकार के हस्ताक्षर एवं मोहर

## निविदाकर्ता द्वारा नियम एवं शर्तों की स्वीकृति

सेवा में,

**सचिव**
**साहित्य अकादेमी**
**रवींद्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग**
**नई दिल्ली 110 001**

प्रिय महोदय,

आपके निविदा आमंत्रण सूचना के संदर्भ में, मैं/हम अनुलग्नक III अथवा निविदा की स्वीकृति की स्थिति में अनुलग्नक IV में दिए गए मूल्य पर आपके द्वारा वांछित काग़ज़ की आपूर्ति के लिए प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए सहमत हूँ/हैं।

मैं/हमने अनुलग्नक I (अनुच्छेद 1 से 13) में दिए गए निविदा के नियमों एवं शर्तों को समझ लिया है और उसे स्वीकार करता हूँ/करते हैं। मैं/हमने अनुसूची में उद्धृत विशिष्टताओं को अच्छी तरह जाँच लिया है तथा सामान की प्रकृति से पूरी तरह अवगत हैं तथा आवश्यकता के अनुसार सामान की आपूर्ति का प्रस्ताव करता हूँ/करते हैं।

**यह प्रमाणित किया जाता है कि हमें किसी सरकारी विभाग द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है।**

सुरक्षा राशि के रूप में .......................... रु. ( ..........................................रुपए) का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर (सं. .................... दिनांक .................., बैंक .............................................................................) संलग्न है।

दिनांक ..........................

स्थान ...........................

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं मोहर

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी, 2016 6.00 बजे**
**वितिय बोली खुलने की तिथि एवं समय 26 फरवरी, 2016 पूर्वाह्न 11.00 बजे**

| क्रम सं | काग़ज़ की गुणवत्ता | जीएसएम | कि.ग्रा में वज़न | आवश्यक मात्रा रीम में | मिल/ब्रांड का नाम | आपूर्ति का समय (दिन) | आधारभूत दर प्रतिकिग्रा (रु.) | वैट/ एसटी आदि | ढुलाई खर्च यदि कोई है | अंतिम दर प्रति किग्रा रु. | अंतिम दर प्रति रीम रु. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्हाइट मैपलीथो 26''X40" | 80 | 26.9 | 70 | | | | | | | |
| 2. | व्हाइट मैपलीथो 20''X30" | 80 | 15.5 | 80 | | | | | | | |
| 3 | व्हाइट मैपलीथो 23''X36" | 80 | 21.3 | 2301 | | | | | | | |
| 4. | आर्ट पेपर (ग्लास) 23''X36" | 130 | 34.7 | 50 | | | | | | | |
| 5 | आर्ट पेपर (ग्लास) 23''X36" | 170 | 45.4 | 14 | | | | | | | |
| 6. | आर्ट कार्ड (ग्लास) 22''X28 | 220 | 13.1 | 214 पैकेट (150 शीट/पैकेट) | | | | | | | |

1. उद्धृत दरें निविदा खुलने की तिथि से छह महीने तक मान्य होंगी।
2. किसी अन्य रूप में उद्धृत अथवा मद सं.7(क) अनुलग्नक–I में वर्णित नियम एवं शर्तों के अनुरूप न होने पर दरों पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. आधारभूत दरों में एक्साइज ड्यूटी, छूट, पैकिंग अथवा अन्य कोई खर्च है, तो उसे शामिल होना चाहिए।
4. निविदाकर्ता द्वारा अलग से उद्धत किसी प्रकार की छूट पर दरों की तुलना करते हुए विचार नहीं किया जाएगा।
5. नियम सं. 11(बी) में उल्लिखित पते 'स्वाति' बिल्डिंग (बेसमेंट), मंदिर मार्ग, नई दिल्ली–110001 पर काग़ज़ की आपूर्ति करनी होगी।

दिनांक .............
स्थान .............

हस्ताक्षर
नाम
मोहर सहित पूरा पता